आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 08.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्र में कल नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर।
- देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी से पासआउट होकर 355 नए अधिकारी भारतीय सेना में हुए शामिल, लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र ने ली परेड की सलामी।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में विज्ञान और तकनीक की अहम भूमिका होगी।
- उत्तराखंड पुलिस विभाग में उप निरीक्षक, गुलनायक और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी की शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि में बदलाव, अब दो सितंबर से होगी परीक्षा।

शपथ ग्रहण समारोह

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर–शोर से जारी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन प्रांगण में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी।

श्री मोदी ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की और एक पत्र सौंपा जिसमें कहा गया था कि श्री नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता निर्वाचित किया गया है। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी।

कांग्रेस कार्य समिति

कांग्रेस की कार्य समिति की बैठक राजधानी नई दिल्ली में सम्पन्न हो गई है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ पार्टी नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के अन्य नेता उपस्थित रहे। बैठक में श्री खरगे ने पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों को चुनाव जीतने पर बधाई दी। श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लोगों का अपार समर्थन मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ संसद के अन्दर और बाहर एकजुट होकर कार्य करेगी। आज शाम को नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों और राज्यसभा सांसदों वाले कांग्रेस संसदीय दल की भी बैठक होगी।

आईएमए पासिंग आउट परेड

देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी– आई.एम.ए से पासआउट होकर आज भारतीय सेना को आज 355 नए सैन्य अधिकारी मिल गए हैं। इस दौरान देश–विदेश के कुल 394 जैंटलमैन कैडेट्स पास आउट हुए, जिसमें मित्र राष्ट्रों के 39 कैडेट्स भी शामिल हैं। उत्तरी कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध की गतिशीलता तेजी से बदल रही है। तकनीकी परिवर्तन, आधुनिक युद्धों के तरीकों को लगातार प्रभावित कर रहा है। पासिंग आउट परेड में जैंटलमैन कैडेट परवीन सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऑर्डर ऑफ मेरिड में पहले स्थान पर रहे जैंटलमैन केडट परवीन सिंह को स्वर्ण, दूसरे स्थान पर रहे जैंटलमैन कैडेट मोहित कापरी को रजत और तीसरे स्थान पर रहने वाले जैंटलमैन कैडेट शौर्य भट्ट को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विदेश से ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पर आने वाले अधिकारी कैडेट के लिए बांग्लादेश पदक एफओसी मोहम्मद नूर कुतुबुल आलम, बांग्लादेश को प्रदान किया गया। आईएमए परेड में स्प्रिंग टर्म 2024 के लिए 12 कंपनियों में से ओवरऑल प्रथम स्थान पर आने के लिए कोहिमा कंपनी को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री

नई दिल्ली में पहाड़ी शैली में बन रहे उत्तराखंड निवास का निर्माण जल्द पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में निर्माणाधीन उत्तराखंड निवास का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने और जुलाई तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्ग पर राज्य अतिथि गृह बनाने को भी कहा। नई दिल्ली में उत्तराखंड निवास के निर्माण के बाद लोगों को राज्य की पहाड़ी शैली की झलक देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड निवास के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से भी बातचीत की।

प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती

राज्य में प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बेसिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जायेगी। पहले चरण में दो हजार नौ सौ 17 पदों पर जिलावार विज्ञप्ति जारी की जायेगी, जबकि दूसरे चरण में 4 सौ 51 पदों पर प्रथमिक शिक्षकों की भर्ती की जायेगी। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को जुलाई तक चयन प्रक्रिया सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में विज्ञान और तकनीक की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए शिक्षा में दूरगामी सुधार लागू किए हैं। आज नैनीताल में 'राजभवन मैत्री चैटबॉट' के लोकार्पण अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में युवाओं में शोध को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मैत्री' केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं है, बल्कि यह एक माध्यम है जिससे नवाचार को साकार करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक ज्ञान और सहायता पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि चैटबॉट के माध्यम से भाषा और संस्कृति का सम्मान करते हुए उपयोगकर्ता को जिज्ञासाओं का समाधान मिल सकेगा। गौरतलब है कि राज्यपाल ने अपने पांच प्रमुख मिशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस– एआई को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। इसी क्रम में मैत्री चैटबॉट एआई तकनीक से युक्त एक अभिनव प्रयास है जिसमें राज्यपाल के विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध रहेगी। उपयोगकर्ता प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे और विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। यह चौटबॉट राजभवन की वेबसाइट पर विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध रहेगी।

## तिथि परिवर्तन

उत्तराखंड पुलिस विभाग में उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुलनायक और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी की सीधी भर्ती की शारीरिक नाप–जोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह परीक्षा दो सितंबर को आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा तीस जून को प्रस्तावित थी।

## मौसम

प्रदेश में आने वाले दिनों में तापमान में बढोतरी होने की संभावना है। राज्य के मैदानी क्षेत्रों में कहीं–कहीं आगामी दस और ग्यारह जून को अत्यधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है। इस बीच, प्रदेश में आज मौसम साफ बना है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इस बार उत्तराखंड में मानसून कुछ देरी से आएगा। 25 जून तक मानसून के उत्तराखंड पहुंचने की संभावना है। हालांकि इस बार मानसून में सामान्य से 10 फीसदी अधिक बारिश होने की संभावना भी है।

## मॉनसून समीक्षा

आगामी मॉनसून को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए जिलों में प्रभारी मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा–निर्देश दे रहे हैं। इसी क्रम में आज वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश में मॉनसून से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने जिलाधिकारी सोनिका को मॉनसून के मद्देनजर अभी से योजनाएं बनाने के निर्देश दिए। डॉ. अग्रवाल ने सभी प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी और बाढ़ नियंत्रण कार्यों के लिए तत्काल कार्ययोजना बनाने को भी कहा।

## चारधाम यात्रा

चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। चारों धाम और हेमकुण्ड साहिब में दर्शन करने वालों का आंकड़ा लगभग उन्नीस लाख हो गया है। अब तक सात लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किये हैं। उधर, यमुनोत्री धाम में अब तक 3 लाख पैंतीस हजार से अधिक, जबकि गंगोत्री में तीन लाख तीस हजार तीर्थयात्रियों ने पूजा–अर्चना की है। वहीं बद्रीनाथ धाम में अब तक साढे चार लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किये हैं। हेमकुण्ड साहिब की यात्रा के लिए भी इस वर्ष बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। पच्चीस मई को कपाट खुलने के बाद से हेमकुण्ड साहिब में अब तक पैंतालीस हजार श्रद्धालुओं ने मत्था टेका है।

## योग अभ्यास

सूचना और प्रसारण मंत्रालय योग अभ्यास के बारे में जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कल नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। आयुष मंत्रालय ने एक योग गीत तैयार किया है। सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर इसे साझा किया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार–

हरिद्वार जिले में पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से चोरी की नौ बाइक बरामद की हैं।

देहरादून के विकासनगर में यमुना नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी, जबकि एक अन्य की तलाश जारी है।

चमोली जिले के जोशीमठ–मलारी मोटर मार्ग पर कल देर रात एक वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से चार लोग घायल हो गये। घायलों का जोशीमठ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है।

केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर संचालित घोड़े–खच्चरों के लिए गौरीकुंड में निशुल्क जांच की जा रही है। धाम के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड से बड़ी संख्या में श्रद्धालु घोड़े–खच्चरों पर सवार होकर यात्रा करते हैं।